सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 268
19/03/2025

केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री श्री जीतन राम मॉझी एवं हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह लघु जल संसाधन मंत्री श्री संतोष कुमार सुमन द्वारा आयोजित दावत–ए–इफ़्तार में शामिल हुये मुख्यमंत्री

पटना, 19 मार्च 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज 12, स्ट्रैंड रोड, पटना में केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री श्री जीतन राम मॉझी एवं हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से0) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह लघु जल संसाधन मंत्री श्री संतोष कुमार सुमन द्वारा आयोजित दावत–ए–इफ्तार में शरीक हुये।

मुख्यमंत्री को केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री श्री जीतन राम मांझी ने गुलदस्ता भेंटकर अभिनंदन किया।

इफ्तार के बाद रोजे की नमाज अदा की गई। दावत–ए–इफ्तार में शरीक मुख्यमंत्री सहित सभी रोजेदारों ने प्रदेश, समाज और देश में अमन–चैन, शांति एवं भाईचारे की दुआ मांगी।

इस अवसर पर केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री श्री जीतन राम मांझी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से0) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह लघु जल संसाधन मंत्री श्री संतोष कुमार सुमन, जदयू प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश कुशवाहा, पूर्व मंत्री श्री श्याम रजक, हम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री श्री अनिल कुमार, विधान पार्षद श्री ललन सर्राफ सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्ति एवं रोजेदार उपस्थित थे।

******